(2)

FORM No. III

फर्द अहकाम

(नियम 15)

अज अदालत जिला कलक्टर धौलपुर ——————— ——— मुकाम धौलपुर

बनवारी लाल ——— ——— बनाम ———————————राजस्थान सरकार

किस्म मुकदमा विविध प्रा0 प0 अन्तर्गत आदेश 9 नियम 9 जा. दी.

मुकदमानम्बर— 61 सन् 2017
RCMS NO- 2017/00191

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुये
30.10.17	प्रार्थी ने एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 9 नियम 9 जा. दी0 जरिये अभिभाषक श्री सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव पेश कर प्रकरण संख्या 54/2017 बनवारीलाल बनाम सरकार आदेश दिनांक 23.10.2017 को पुनः नम्बर पर लेने एवं सुनवाई का अवसर प्रदान करने हेतु निवेदन किया है । प्रार्थी के प्रार्थना पत्र पर उक्त पत्रावली तलब की गई । वकील प्रार्थी को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया । प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्ट्रर किया जावे । दिनांक 23.10.2017 को प्रार्थी को कई बार आवाज दिलवाई गई थी न तो प्रार्थी स्वंय उपस्थित हुआ था ना ही उसकी ओर से कोई अभिभाषक उपस्थित हुये थे । इस कारण प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अदम हाजिरी व अदम पैरवी में खारिज किया गया था । उक्त प्रार्थना पत्र पर वकील प्रार्थी को सुना गया । प्रार्थी के विद्वान अभिभाषक ने अपने कथन में कोई पुख्ता प्रमाण नहीं दिये जिससे प्रकरण संख्या 54/2017 बनवारीलाल बनाम सरकार को पुनः नम्बर पर लिया जाकर सुनवाई का अवसर प्रदान किया जा सके । अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है । पत्रावली फैसल शुमार हो । बाद तकमील दाखिल दफतर हो। नम्बर से कम की जावे । (शुचि त्यागी) कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट धौलपुर (राज.)	

5 यह कि आवेदक बगैर विलम्ब के आवाज लगने पर उपस्थित मय वकील